हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 3 नवंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 14.2 डिग्री

आदर्श कृषि उपज मंडी में तब्दील होने जा रहा पटेलपाली मंडी



## खबर संक्षेप

### चोरों ने अस्पताल परिसर व घर के सामने से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर एवं ग्राम सुन्दरपुर स्थित एक घर सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम असोला निवासी बृजलाल आ. दुर्बल पैकरा (36 वर्ष) 30 अक्टूबर की शाम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती भाई को खाना पहुंचाने बाइक क्रमांक सीजी 15 सीके 6337 से आया था। युवक बाइक को अस्पताल परिसर में खड़ा कर वार्ड में भर्ती भाई को खाना पहुंचाने चला गया। भोजन पहुंचाने के बाद घर जाने के लिए बाइक लेने पार्किंग में गया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में ग्राम सुन्दरपुर चिटकीपारा निवासी गुड्डु बेक आ. बाबूलाल बेक (35 वर्ष) 30 अक्टूबर की शाम बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएस 3882 को घर के आंगन में खड़ा किया था। रात लगभग 8.30 बजे बाइक को घर के अंदर करने के लिए बाहर निकला तो देखा बाइक गायब थी। खोजबीन के बाद भी जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**प्रतापपुर।** अस्पताल में मरीज को खाना पहुंचा कर घर लौट रहे बाइक सवार युवकों को विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे युवक का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार मायापुर निवासी रामप्रसाद व शुस कुमार बाइक क्रमांक सीजी 15 डीटी 5539 से प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती मरीज को भोजन पहुंचाने गए थे। भोजन पहुंचाने के बाद दोनों बाइक से घर लौटने लगे। जैसे ही बाइक सवार अमनदोन सरईदोहर के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा चंदौरा की ओर से आ रहे कार क्रमांक सीजी जेके 01 एएस 3323 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही परिजन घायलों को प्रतापपुर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने राम प्रसाद को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल शुस कुमार का उपचार जारी है। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध धारा 106(1), 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### प्राण घातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिर्रा।** चखना सेंटर संचालक व अन्य पर प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी को बिर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर की दोपहर करीबन 3 बजे बिर्रा देशी मदिरा दुकान के पास चखना सेंटर में विक्रम चंद्रा अपने दोस्तो के साथ बैठकर शराब पी रहा था। विक्रम के एक साथी ने वही पर उल्टी कर दी। इसे देखकर चखना सेंटर संचालक अमन साहू के द्वारा दूर जाने की बात कही गई। इस पर बिक्रम तैश में आ गया और गाली गलौज करते हुए हत्या करने की नियत से कांच के बीयर को तोड़कर उस पर हमला कर दिया। इस बीच राजेन्द्र प्रसाद और लोचन प्रसाद भारद्वाज के द्वारा बीच बचाव किए जाने पर धारदार कांच के बीयर बाटल से उन पर भी हमला किया गया। इससे राजेन्द्र प्रसाद के दाहिना हाथ के कलाई व सिर में तथा लोचन प्रसाद भारद्वाज को गले में गंभीर चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपी विक्रम चंद्रा भागने की फिराक में था जिसे तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है।

---

भजन संध्या में झूमे भक्त, उत्साह से मनाया गया भगवान श्याम का जन्मोत्सव

# इत्र वर्षा कर सजाया गया बाबा का दरबार, लगाए गए 56 भोग





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कॉलेज रोड स्थित साबुन फैक्ट्री जशपुर में श्री श्याम बाबा का भव्य जन्मोत्सव मनाया गया। "हारे के सहारे श्याम हमारे" के गगनभेदी जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। श्याम भक्त भक्ति में डूबे रहे।

जन्मोत्सव का यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव रहा बल्कि जशपुर की आस्था का एक जीवंत प्रतीक भी बना। शाम को भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें प्रसिद्ध भजन गायक संदीप शर्मा और गीतिका शर्मा ने भजन- "श्याम तेरी बंसी पुकारे...की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस भजन के शुरू होते ही सैकड़ों श्रद्धालु झूम उठे। भजन-ले लो मेरे श्याम का नाम.., "जी ले बाबा के नाम से...की प्रस्तुति से वातावरण में भक्तिभाव की लहर दौड़ गई। पूरे परिसर में भावनाओं का सागर उमड़ पड़ा। किसी की आंखों में अश्रु थे तो किसी के होंठों पर आभार का मुस्कान दिखा। श्याम प्रेमियों ने दीप जलाकर बाबा से नगरवासियों की समृद्धि और सुख-शांति की कामना की। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रसाद वितरण और बाबा के नाम संकीर्तन के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर उत्सव की शुभकामनाएं दीं। श्याम प्रेमियों ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सहयोग और एकता का संदेश देना है।

### श्याम रसोई में लोगों ने लिया प्रसाद

जन्मोत्सव के अवसर पर बाबा श्याम को 56 भोग लगाए गए। जिसमें मालपुआ, पंचमेवा, कचौरी, खीर, हलवा, लड्डू और अन्य पारंपरिक व्यंजन शामिल रहा। भोग अर्पण के बाद आयोजित इत्र वर्षा ने भक्तों को मोहित कर दिया। गुलाब और चंदन की सुगंध से पूरा परिसर महक उठा। इसके बाद श्रद्धालुओं ने श्याम रसोई में प्रसाद ग्रहण किया। श्याम प्रेमियों द्वारा संचालित इस रसोई में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद पाया।

### महाआरती ने बांधा भक्ति का समां

रात्रि में बाबा की महाआरती भव्यता और श्रद्धा की प्रतीक रही। दीपों की लौ और भजनों की गूंज ने वातावरण को अलौकिक बना दिया। भक्तों ने आरती में भाग लेकर अपने जीवन में श्याम कृपा की कामना की। मंदिर प्रांगण में हजारों दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इससे पूरा परिशन रौशनी से जगमगाने लगा। चारों ओर सिर्फ एक ही स्वर "श्याम तेरी लीला निराली रे गूंज रहा था।"

---



# बच्चों ने दी लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग प्रस्तुति

**जशपुर।** देव पब्लिक स्कूल एवं डी.पी.एस. प्राइमरी बालाजी जशपुर में छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिवार ने "जय जोहार छत्तीसगढ़" के नारों के साथ राज्य के गौरव और एकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

■ देव पब्लिक स्कूल व डी.पी.एस. में मनाया गया छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ। छोटे-छोटे बच्चों ने "सुआ नृत्य", "पंथी नृत्य" और "राउत नाचा" की शानदार प्रस्तुति देकर ⏭ शेष पेज 4 पर

**छत्तीसगढ़ का निर्माण जन आकांक्षाओं का परिणाम:** विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर ओम प्रकाश सिंहा ने कहा कि छत्तीसगढ़ का निर्माण जन-आकांक्षाओं का परिणाम है। आज यह राज्य शिक्षा, कृषि, उद्योग और पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे पढ़-लिखकर राज्य के उज्ज्वल भविष्य के निर्माता बनें। अंत में शिक्षकों ने सामूहिक राज्यभक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस प्रकार देव पब्लिक स्कूल एवं डी.पी.एस. प्राइमरी बालाजी जशपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के इस समारोह में शिक्षा, संस्कृति और उत्सव का सुंदर संगम देखने को मिला।

**इनकी रही उपस्थिति:** कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर सुनीता सिंहा, उप एकेडमिक प्राचार्य मालविका देगवेकर, उप प्राचार्य एरिक सोरेंग सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

---

# हितग्राहियों को मिली पीएम आवास की चाबी



**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना से जिले के 13 हजार हितग्राहियों ने गृह प्रवेश किया।पीएम आवास योजना ग्रामीण ने ऐसे परिवारों के जीवन में आशा की एक नई किरण जगाई है जिनके स्वयं का सपना महज एक सपना ही रह गया था।

■ ग्रामीणों के जीवन में जगी आशा की एक नई किरण

शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना ने जशपुर जिले के हजारों जरूरतमंद परिवारों के सपनो को पंख देकर सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराया है। लंबे समय से अपने आवास की प्रतीक्षा कर रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के 13 हजार हितग्राहियों के महागृह प्रवेश का सिलसिला शनिवार एक नवंबर को राज्य की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुरू हो गया है। आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। पीएम आवास का निर्माण बीते 2 वर्षों में तेजी से हुआ है। अधूरे पड़े आवासों को सबसे पहले पूरा करने का कार्य राज्य शासन से मिली हुई धन राशि से शुरू किया गया। जिले में कुल 13 हजार लाभार्थियों ने अपने नए मकान में गृह प्रवेश किया। कलेक्टर रोहित व्यास ने सभी हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी।

### प्रभावी योजनाओं में से है एक : सीईओ

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार की सबसे प्रभावी योजनाओं में से एक है। आज जिन परिवारों को नया आवास मिला है, उनके जीवन में सुरक्षा और सम्मान का नया अध्याय शुरू हुआ है। यह आवास केवल दीवारें नहीं बल्कि सब उनके सपनों का आकार है। प्रशासन ने सुनिश्चित किया है कि निर्माण में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे। आगे भी हमारा यही प्रयास रहेगा कि कोई भी पात्र परिवार आवास से वंचित न रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को सभी ग्राम पंचायत के नवनिर्मित घरों में पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार पूजा-अर्चना कर गृह प्रवेश कराया गया तथा फीता काटकर खुशियों की चाबियां सौंपी गई। वहीं हितग्राहियों को राशन कार्ड, गैस कनेक्शन, शौचालय ,आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन आदि सुविधाओं का भी लाभ मिल रहा है ।

---

### कोचियों के चार ठिकानों से जब्त किया गया 2320 बोरी अवैध धान

**अम्बिकापुर।** सीमावर्ती राज्यों से कोचियों द्वारा समितियों में खपाने के उद्देश्य से जगह-जगह भण्डारित किए गए धान को प्रशासन की टीम जब्त कर रही है साथ ही पूरी रात अधिकारी विभिन्न मार्गों की चौकसी कर यूपी एवं झारखण्ड से अवैध धान परिवहन करने वाले वाहनों को पकड़ रहे हैं इसके बावजूद कोचियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। कोचिए मुख्य मार्गों के साथ ही जंगल के रास्ते मध्यरात्रि में अवैध धान मंगाकर जगह-जगह भण्डारित कर रहे हैं। कोचियों द्वारा अलग-अलग ठिकानों पर पड़ोसी राज्यों का धान भंडारित करने की सूचना पर एसडीएम आनंद राम नेताम के नेतृत्व में प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई कर 2320 बोरी अवैध धान को जब्त किया। एसडीएम श्री नेताम को ग्राम गम्हरिया, विजय नगर एवं चाकी में कोचियों द्वारा भारी मात्रा में धान भंडारित करने की सूचना मिली थी।

---

# छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर मनाया जा रहा रजत जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में रजत जयंती महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जशपुर जिला मुख्यालय के रणजीता स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में जनसंपर्क विभाग द्वारा भी प्रदर्शनी लगाई गई, जो आकर्षण की केंद्र बनी रही।

■ जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी रही आकर्षण की केंद्र

प्रदर्शनी में विभाग द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी नगरवासियों, ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को दी गई। साथ ही जनमन पत्रिका, सुशासन तिहार 2025 पत्रिका, जशपुर जम्बूरी 2025 एवं जशपुर किसान कॉल सेंटर की पत्रिका व ब्रोशर का वितरण किया गया। जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता की झलक प्रस्तुत की गई। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित परिवारों की सफलता, कथा, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही महिलाओं की प्रेरक कहानियां, पीएम जनमन योजना से ⏭ शेष पेज 4 पर



### इन्होंने किया अवलोकन

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी योगेश भगत, आम नागरिकों में लखेश कुर्रे, मंजू बाई, सुनीता देवी, शकुंतला नेताम, हीरामनी, मीना भगत, पार्वती, पिंकी सिंह, आशा कुजूर सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल आज करेंगे राज्योत्सव का शुभारंभ

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस और रजत महोत्सव के अवसर पर रणजीता स्टेडियम में 2 से 4 नवंबर को तीन दिवसीय कार्यकम का आयोजन किया गया है। सोमवार 3 नवंबर को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे। रणजीता स्टेडियम में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, मछली पालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग, परिवहन विभाग, जल संसाधन विभाग, रेशम विभाग, राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग, पुलिस विभाग, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, जशप्योर, मिलेट कैफे, खेल व पर्यटन विभाग, आयुष विभाग, कौशल विकास विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन से संबंधित विकास प्रदर्शनी लगाई गई है।

---

# निर्वाचक नामावलियों का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित

**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। आयोग द्वारा जारी पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 28 अक्टूबर को प्रारंभ कर 7 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 सीसी के प्रावधान के तहत मतदाता सूची की तैयारी, पुनरीक्षण और सुधार के संबंध में नियोजित अधिकारी, कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन रहेंगे। उक्त अवधि में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण में लगे संभागायुक्त (रोल आब्जर्वर), कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी पर्यवेक्षक, बूथ लेवल अधिकारी तथा उक्त कार्य में लगे अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों का स्थानांतरण उक्त पुनरीक्षण कार्य की अवधि में भारत निर्वाचन आयोग के बिना अनुमति व सहमति से नहीं किए जाने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित है। ताकि निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान कार्य की निरंतरता बनी रहे और कार्य प्रभावित न हो। अलग से नियुक्ति आदेश जारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य बी.एल.ओ.व अविहित अधिकारियों के माध्यम से घर-घर जाकर किए जाने हेतु प्रत्येक 10 मतदान केन्द्र पर एक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है ।

■ मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा 7 फरवरी को

---

# कब्र पर्व पर इसाई समाज ने किया पूर्वजों का स्मरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले भर में रविवार को ईसाई समाज ने श्रद्धा और भक्ति भाव से कब्र पर्व मनाया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने अपने पूर्वजों के कब्रों को साफ-सुथरा कर फूल-मालाओं और मोमबत्तियों से सजाया एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना की।

■ मृत आत्माओं की शांति के लिए हुई विशेष प्रार्थना

शहर के शांति भवन परिसर में सुबह से ही मसीहियों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं कालेज रोड, डोड़का चौरा, प्रेमनगर, सारुडीह, जकबा, सिटोंगा और काईंकछार सहित जिले के सभी कब्रिस्तानों में मिस्सा अनुष्ठान आयोजित किए गए। सारुडीह के नए कब्रिस्तान में सुबह 6 बजे से मिस्सा प्रार्थना का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अनुष्ठाता के रूप में फादर फूलजेन्स एक्का और सह-अनुष्ठाता फादर नवीन केरकेट्टा ने मिस्सा पाठ संपन्न कराया। अपने उपदेश में फादर फूलजेन्स एक्का ने कहा कि प्रभु यीशु का वचन कहता है जो मुझमे विश्वास करते हुए जीता है, वह मरने पर भी कभी नहीं मरेगा। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि वे अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए न केवल इस दिन, बल्कि प्रतिदिन प्रार्थना करें। कब्र त्यौहार के इस अवसर पर बड़ी संख्या में मसीहजन शामिल हुए। उन्होंने अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए फूल, मोमबत्तियां और प्रार्थनाएं अर्पित की। पूरे दिन कब्रिस्तानों में भक्ति, शांति और स्मरण का माहौल बना रहा।

---

शव को जलाकर पहचान मिटाने की कोशिश

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, तीन आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सिटी कोतवाली पुलिस ने पुराना नगर के तुरीटोंगरी क्षेत्र में हुई एक अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा कर एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी अब भी फरार है। जिनकी पुलिस ने पहचान कर ली है और उनकी तलाश जारी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मामला 18 अक्टूबर का है, जब तुरीटोंगरी के जंगल में एक अधजला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। शव की हालत ऐसी थी कि पहचान मुश्किल हो रही थी। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका पर पुलिस ने बी.एन.एस. की धारा 103(1) और 238(क) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। तकनीकी टीम और मुखबिरों की सक्रियता से मृतक की पहचान सीटोंगा निवासी सीमित खाखा 28 वर्ष के रूप में हुई। वह कुछ दिनों पूर्व अपने गांव के ⏭ शेष पेज 4 पर



**हत्या में प्रयुक्त चाकू, रॉड, कपड़े जब्त:** पुलिस ने आरोपियों के बयान के आधार पर हत्या की डमी पुनरावृत्ति कराई। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, लोहे की रॉड और घटना के समय पहने कपड़े जब्त कर लिया है।

**दो फरार आरोपियों की खोजबीन जारी:** मामले में दो अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस ने उन्हें चिन्हित कर लिया है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। वयस्क आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है, जबकि बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

**प्रोफेशनल अंदाज में सुलझाई गुत्थी:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस ने अत्यंत प्रोफेशनल तरीके से अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो फरार आरोपियों की तलाश जारी है, उन्हें भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

### कमीशन विवाद बना हत्या का कारण

पूछताछ में खुलासा हुआ कि सीमित खाखा और आरोपियों के बीच हजारीबाग में हुए काम के दौरान कमीशन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। 17 अक्टूबर की शाम सभी आरोपी और मृतक बांकीटोली पुलिया के पास स्थित श्मशान घाट पर शराब पी रहे थे, तभी विवाद बढ़ा और आपसी झगड़ा मारपीट में बदल गया। इस दौरान आरोपी वीरेन्द्र राम ने अपने पास रखे लोहे की रॉड से सीमित के सिर तो रामजीत राम ने चाकू से सीने में वार कर दिया। इससे सीमित की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपियों ने शव को पुराना नगर के तुरीटोंगरी क्षेत्र के गड्ढे में फेंक दिया। पहचान मिटाने के उद्देश्य से उन्होंने रात में पेट्रोल डालकर शव को जलाने की कोशिश की ताकि घटना को छिपाया जा सके।

---

### प्रेमी के साथ भाग गई पत्नी, पति ने जहर खाकर की आत्महत्या

**अंबिकापुर।** पत्नी के प्रेमी के साथ भाग जाने से दुखी अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने जहर खाकर आत्म हत्या कर ली। जहर खाने से गंभीर व्यक्ति को उपचार के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना अंतर्गत डिगमा निवासी 55 वर्षीय कृष्णा दास आ. स्व. नागेन्द्र दास ने पहली पत्नी शिखा दास की मौत के बाद लगभग 18 साल पहले दूसरी शादी की थी। दूसरी पत्नी अनीता दास से एक 17 साल की पुत्री थी जबकि पहली पत्नी से एक पुत्र उत्तम दास है। मृतक के पुत्र उत्तम दास के अनुसार कृष्णा दास की पत्नी का जोड़ा पीपल के समीप रहने वाले मोनू से प्रेम प्रसंग था और दोनों साथ में घूमना फिरना करते थे। इस दौरान मोनू ने अनीता दास को एक मोबाइल फोन भी खरीदकर दिया था जिससे दोनों आपस में बातचीत करते थे।

## खबर संक्षेप

### मन की बात कार्यक्रम के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी की नियुक्ति





**अम्बिकापुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह की सहमति तथा प्रदेश महामंत्री पवन साय की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के संचालन हेतु प्रभारी एवं सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। जन्मजेय मिश्रा को जिला प्रभारी तथा महेंद्र सिंह एवं श्रवण दास को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने नव नियुक्त पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने एवं कार्यकर्ताओं से मन की बात कार्यक्रम को सुनकर अपने जीवन में उतारने का अह्वान किया है।

### छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर कलेक्टर ने किया छत्तीसगढ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला संयुक्त कार्यालय में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया और जिलेवासियों को राज्य स्थापना की बधाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने राज्य के गठन के बाद से अब तक की उपलब्धियों और प्रगति को रेखांकित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत विजेंद्र पाटले व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय राज्योत्सव में कलाकार देंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत महोत्सव के अवसर पर जिले में 2 से 04 नवंबर तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन स्टेडियम ग्राउंड में संपन्न होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, कला और परंपरा की मनमोहक झलक देखने को मिलेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 2 नवम्बर को महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य अतिथ्य में किया जाएग। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि राज्य स्थापना का दिन हम सभी छत्तीसगढ़ वासियो के लिए बहुत विशेष है। हमारे राज्य ने 25 वर्ष पूर्ण किए है। उन्होंने कहा उनकी मनोकामना है कि सभी की सहभागिता से प्रदेश व जिला सूरजपुर निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़े और सुशासन व समृद्धि का प्रतीक बने। इस तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में कलाकार एवं गायक अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। 2 नवंबर गायिका सुश्री स्तुति जायसवाल, 3 नवंबर को गायक संजय सुरीला और 4 नवंबर को गायक सुनील मानिकपुरी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

### सीटू के श्रमिक नेता देवेंद्र समेत 9 कोल कर्मी हुए रिटायर,दी गई विदाई

**बिश्रामपुर।** अक्टूबर माह के अंतिम कार्य दिवस को एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत सीटू संगठन के श्रमिक नेता देवेंद्र सिंह सोढी समेत 9 कोल कर्मी शुक्रवार 31अक्टूबर को ड्यूटी से सेवानिवृत्त हो गए,जिन्हें कम्पनी यूनिट स्तर पर विदाई समारोह का आयोजन कर प्रबंधन द्वारा भावभीनी विदाई दी गई है,रिटायर हुए कोल कामगारों में रेहर खदान से कुंवर साय,रेवती राम,विश्वनाथ,शिवमनोरथ, गायत्री खदान से शंकु,देवेंद्र सिंह सोढी,मनोज कुमार सिंह, दिलीप, एरिया हेड क्वार्टर से पंचानंद सिंह शामिल हैं, सभी सेवानिवृत्त कामगारों के सम्मान में प्रबंधन ने यूनिट स्तर पर विदाई समारोह का आयोजन कर रिटायर हुए कामगारों को सपरिवार विदाई समारोह में आमंत्रित कर उन्हें शॉल व श्रीफल सहित उनके सकल देयकों के भुगतान का पत्र,मेडिकल कार्ड सहित कंपनी से मिलने वाला उपहार सौंपा गया है,इस दौरान एसईसीएल प्रबंधन ने सभी कामगारों के सेवाकाल के दौरान उत्कृष्ट व मेहनती कार्यों की सराहना करते उनके उज्वल भविष्य और सुखद पारिवारिक जीवन की कामना की।

### मोबाइल खरीदने पैसा देने पर पुत्र ने की मां की पिटाई

**अम्बिकापुर।** बेटे को मोबाइल खरीदने के लिए पैसा देने तथा पढ़ाई छोड़ मोबाइल देखने से परेशान पिता ने अपनी मां की बेदम पिटाई कर दी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम मोतीपुर माझापारा निवासी केन्दी बाई पति छोटा महादेव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो माह पूर्व नाती अरूण ने 40 हजार रुपए मांगा था तो रुपए दे दी। 40 हजार रुपए में से नाती ने एक मोबाइल खरीदा और बाकी रुपए को खर्च कर दिया। 31 अक्टूबर की सुबह पुत्र रवि उसके पास आया और कहा कि बेटा को रूपए देखकर मोबाइल खरीदवाई हो जिसके बाद से बेटा पढ़ाई बंद कर हमेशा मोबाइल देखता रहता है। इसी बात को लेकर मां-बेटा के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि बेटे ने गाली गलौज करते हुए मां के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## गोपाष्टमी पर किया गया गौ पूजन

# चार ग्राम पंचायतों की एकता बनी मिसाल युवाओं ने बनाया गौ आश्रय धाम



गौ आश्रय धाम में उपस्थित चार पंचायत के लोग।



गौ-अष्टमी के दिन पूजा करते धाम के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए चार ग्राम पंचायत केवताली, सलका, अधीना और कोटेया के युवाओं ने मिलकर एक ऐसा कार्य कर दिखाया है जो पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गया है। गांव के बुजुर्गों एवं वरिष्ठ ग्रामीणों के सहयोग से युवाओं ने गौ आश्रय धाम का निर्माण किया जहां बड़ी संख्या में मवेशियों को आश्रय, सुरक्षा और देखभाल की सुविधा उपलब्ध कराई है।

**खास बात**

- गौ आश्रम घुमंतू एवं घायल मवेशियों के लिए बना आश्रय, दिनों दिन बढ़ रही मवेशियों की संख्या

गोपाष्टमी के अवसर पर आज गौ आश्रय धाम परिसर में भव्य गौ पूजन, भंडारा, गौ वंश हेतु सब्जी-फल-गुड़ का भंडारा तथा केवताली ग्राम द्वारा शैला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और सेवा की भावना से सराबोर हो उठा। गौ माता के जयघोष से गूंजते आश्रय धाम में उपस्थित लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। गौ आश्रय धाम आज गौ माता के लिए सर्वसुविधा युक्त स्थल बन चुका है, जहां मवेशियों के लिए शेड, चारा, चरवाहा, स्वास्थ्य देखभाल की पूर्ण व्यवस्था है। क्रॉस ब्रीडिंग के माध्यम से उच्च नस्ल की बछिया के जन्म हेतु विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गोबर और गौमूत्र से उत्पाद निर्माण कर स्वरोजगार के अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं। इससे न केवल ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भरता की राह मिली है, बल्कि जैविक खेती को भी बढ़ावा मिल रहा है। गौ आश्रय धाम का मुख्य उद्देश्य गोबर के सही रख-रखाव से कार्बनिक खाद तैयार कर पर्यावरण और कृषि दोनों को सशक्त बनाना है। इस पहल से किसानों को रासायनिक खाद की जगह सस्ती और प्रभावी प्राकृतिक खाद उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे खेती की गुणवत्ता और मिट्टी की उर्वरता दोनों में सुधार हुआ है।

### युवाओं ने किया सीमित संसाधनों में बड़ा कार्य

गौमाता की दुर्दशा देखकर कुछ जागरूक युवाओं ने संगठन बनाकर इसकी शुरुआत की। उन्होंने पंचायतों से अनुमति लेकर पुराने गौठान की भूमि पर कार्य प्रारंभ किया। बाउंड्री फेंसिंग, पानी पंप-मोटर, चरवाहा, बिजली-लाइट, चारा और अन्य सुविधाएं स्वयं के प्रयासों और जन सहयोग से जुटाईं। युवाओं का मानना है कि सेवा केवल भावना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है और इसी सोच ने उन्हें इस मिशन से जोड़े रखा।

#### चुनौतियों के बावजूद नहीं टूटा हौसला

शुरुआती दौर में इन युवाओं के सामने अनेक चुनौतियां आईं जहां चरवाहा मानदेय और संचालन के लिए धन की कमी, अस्थायी शेड और बारिश से नुकसान, सोलर पैनल खराब होने से पानी की दिक्कत, बढ़ती गौ संख्या के साथ चारे की कमी तथा बीमार गौवंश के उपचार हेतु दवाओं की आवश्यकता। फिर भी युवाओं का हौसला और सेवा भाव अडिग रहा। उन्होंने स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, कृषकों और व्यवसायियों से निरंतर संवाद कर सहयोग जुटाया और मिशन को जीवंत रखा।

### सामाजिक चेतना और सहभागिता का केंद्र

अब गौ आश्रय धाम केवल एक आश्रय स्थल नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, सामूहिकता और सेवा का केंद्र बन चुका है। यहां नियमित रूप से ग्रामीण बैठक होती हैं, जिनमें संचालन, अर्थव्यवस्था और गौ सेवा के लिए विचार-विमर्श किया जाता है। जनसहभागिता की इस परंपरा ने इसे स्थायी और स्वावलंबी मॉडल का रूप दे दिया है।

### सकारात्मक पहल

गौ आश्रय धाम अधीना सलका, केवताली कोटेया (जिला सूरजपुर) आज क्षेत्र में गौ सेवा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक केंद्र बन गया है। यहां आवारा, घायल और बीमार गौवंश का रेस्क्यू, उपचार और सुरक्षित देखभाल की जाती है। सड़क, बाजार और हाटो में भटकते मवेशियों को यहां लाकर आश्रय दिया जाता है, जो इस क्षेत्र के मानवीय मूल्यों की सजीव झलक है।

# कुएं में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



ग्राम मानपुर स्थित कुंए में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। इधर घटना की सूचना पर पुलिस मृतक की पहचान कराने में जुट गई। मृतक की पहचान नहीं होने से अंदेशा लगाया जा रहा है कि मृतक किसी दूसरे गांव का है। पुलिस ने आसपास क्षेत्र के थाने में गुम इंसान के मामले में पूछताछ शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मानपुर बाईपास सड़क किनारे निर्माणाधीन मकान के कुएं में आज सुबह कुछ लोगों ने शव देखा। कुआं में शव होने की जानकारी लगते ही क्षेत्र में समय सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसी बीच घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकाल कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने गांव के लोगों से मृतक की पहचान कराई लेकिन गांव के लोगों ने शव को पहचानने से इंकार कर दिया। मृतक की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव को अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में पहचान के लिए रखा है। मृतक किस गांव का है और कुआं में कैसे गिरा यह स्पष्ट नहीं हो सका। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट की जांच की जा रही है। मृतक के परिजन के मिलने पर ही कारण का पता चल सकेगा।

# अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने व पेट दर्द की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत बैजनाथपुर जूना करकोली निवासी प्रेम शंकर आ. स्व. सूरज बली सिंह (23 वर्ष) गुरूवार को सलका साप्ताहिक बाजार गया था। शाम को शराब के नशे में कीटनाशक पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे भटगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। दूसरी घटना में राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम अमडीपारा निवासी बृजमति मरकाम पति नेहरू मरकाम (40 वर्ष) 27 अक्टूबर को अचानक उल्टी-दस्त पेट में दर्द होने लगा। परिजन महिला को तत्काल राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने महिला की हालत में सुधार नहीं होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन महिला को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है।

# सरदार पटेल की जयंती पर भाजपा ने निकाला रन फॉर यूनिटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर भाजपा द्वारा रन फॉर यूनिटी एवं एकता शपथ का आयोजन जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया एवं महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की उपस्थिति में महामाया चौक पर किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकता और अखंडता के संकल्प के साथ दौड़ में भाग लिया। दौड़ का समापन स्टेडियम ग्राउंड में हुआ जहां कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने राष्ट्रीय एकता शपथ ली। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने अदम्य इच्छा शक्ति से भारत को एक सूत्र में पिरोया। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। सरदार पटेल का जीवन हमें संगठन, समर्पण और सेवा की प्रेरणा देता है। इस दौरान अम्बिकेश केशरी, हरमिंदर सिंह टिन्नी, विनोद हर्ष, अरूणा सिंह, विकास पाण्डेय, मधुसूदन शुक्ला, देव नारायण यादव, फुलेश्वरी सिंह, निलेश सिंह, जन्मेजय मिश्रा, वैभव सिंह देव, संतोष दास, रूपेश दुबे, रविन्द्र गुप्त भारती, मनोज कंसारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय एकता दिवस कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को दिलाई गई शपथ



**प्रतापपुर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में अधिष्ठाता डॉ. पीएस राठिया के मार्गदर्शन में सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वें जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर संक्षिप्त परिचय दिया एवं छात्र छात्राओं तथा महाविद्यालय के कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान डॉ. उमेश जायसवाल, डॉ. अमृता गिरी, डॉ. अंकिता सिंह, वैभव जायसवाल, सालनी गुप्ता, चमेली राठौर, आयुषी साहू, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित किया गया एकता दौड़



**रामानुजगंज।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को 12वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल रामानुजगंज द्वारा एकता दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक सेनानी वीपी सिंह ने किया। वाहिनी परिसर गेट नंबर 1 से दौड़ प्रारंभ हुआ और नगर के अटल चौक, लरंगसाय चौक, भारत माता चौक, तथा पहाड़ी मंदिर चौक से होते हुए पुनः वाहिनी परिसर संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं वंदे मातरम के नारों से नगर का वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने वाहिनी परिसर पहुंचकर सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उन्हें नमन करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सहायक सेनानी वीपी सिंह ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए सदैव देश सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान कंपनी कमांडर रूप नाथ भगत, प्लाटून कमांडर अलविनुस बड़ा, प्लाटून कमांडर शिव शंकर सिंह, उप निरीक्षक हिरत राम नागवंशी, सेक्शन कमांडर मक्सी मिलयानुस तिर्की, अरुण तिग्गा सहित वाहिनी के समस्त प्रधान आरक्षक व आरक्षक उपस्थित रहे।

# पीएम आवास हितग्राहियों को कराया गया गृह प्रवेश

**मैनपाट।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती अवसर पर प्रदेशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों का सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। राज्योत्सव स्थल राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से छत्तीसगढ़ के हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया। मैनपाट ब्लॉक के 993 लाभार्थियों ने भी इस अवसर पर एक साथ अपने नए आवासों में प्रवेश किया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत राज्य में अब तक मैनपाट ब्लॉक के अंतर्गत 1447 से अधिक सर्वसुविधायुक्त आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मैनपाट ब्लॉक में सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी नवनिर्मित घरों में रंगोली सज्जा, दीप प्रज्वलित कर पारंपरिक रीति से गृह प्रवेश किया गया। इस अवसर पर, लाभार्थियों को सम्मान पत्र, खुशियों की चाबी और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस दौरान पंचायतों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्रामीण जन और उच्चाधिकारियों की मौजूदगी से यह गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न हुआ।



# महाप्रबंधक कार्यालय में कोल इंडिया का 51वां स्थापना दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में कोल इंडिया का 51 वां स्थापना दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने कोल इंडिया का ध्वज फहराया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक संजय सिंह के अतिरिक्त क्षेत्रीय विक्रय प्रबंधक जी किशोर,एरिया सेफ्टी ऑफिस केएल भील क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सहित क्षेत्रीय अधिकारी कर्मचारी जेसीसी के सदस्य उपस्थित थे,कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई जिसके बाद कोल इंडिया कार्पोरेट गीत बजाया गया,इस दौरान मुख्य अतिथि जीएम डॉ संजय सिंह ने कहा कि आज दोहरी खुशी का दिन है, आज कोल इंडिया का 51वां स्थापना दिवस के साथ छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती का दिन भी है,उन्होंने दोनों अवसरों को महत्वपूर्ण बताते हुए उपस्थितजनों को बधाई दी और कहा कि कोल इंडिया देश भर की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रतिबद्धता के साथ जुटा हुआ है,इस कार्य में मेहनतकश मजदूरों की भूमिका भी बेहद अहम है,उन्होंने कहा कि कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल कोयला उत्पादन के साथ स्थानीय लोगों की मूलभूत सुविधाओं को उन तक पहुंचाने सदैव प्रयासरत है, इसमें सीएसआर अभियान के तहत मदद पहुंचती है,उन्होंने क्षेत्र के अमेरा, आमगांव,गायत्री, केतकी खदानों से कोयला उत्पादन को तेज करने सामूहिक प्रयास पर बल दिया और कहा कि इस वर्ष सामान्य वर्षों से अधिक बारिश बाधा के कारण क्षेत्र का कोयला उत्पादन पिछड़ा है लेकिन हम सब मिलकर इसे ठीक कर लेंगे ऐसी आशा है,उन्होंने कहा कि अमेरा आमगांव खदान से कोयला निकालने अधिग्रहित की गई भूमि के स्वामियों को नौकरी व मुआवजा का प्रकरण तेजी से निपटारे पर उन्होंने बल दिया और स्पष्ट किया कि जिनकी भूमि का मुआवजा और नौकरी के प्रकरण निराकरण होंगे, हम उसी भूमि से ही कोयला निकालेंगे,कार्यक्रम को जेसीसी सदस्यों ने भी संबोधित कर अपनी बातों को रखा।

# राज्योत्सव पर जिले के 14033 हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

राज्य स्थापना दिवस के 25 वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य के 3.51 लाख हितग्राहियों का गृह प्रवेश एवं 3 लाख परिवारों के हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि का सीधे उनके खातों में हस्तांतरित किया गया।

- 8110 हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ किस्त की 28 .662 करोड़ की राशि भी जारी

कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत विजेंद्र सिंह पाटले के मार्गदर्शन में हाल में निर्मित हुए, जिले के 14033 हितग्राहियों के आवासों का गृह प्रवेश एवं 8110 हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ किस्त मिलाकर कुल 28.662 करोड़ की राशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की गई। कलेक्टर एस जयवर्धन एवं सीईओ जिला पंचायत विजेंद्र सिंह पाटले द्वारा जनपद के ग्राम पंचायत केशव नगर के हितग्राही रंजीत सिंह आ. शैलेन्द्र सिंह को सांकेतिक रूप से खुशियों की चाबी, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर गृह प्रवेश कराया गया तथा कलेक्टर द्वारा जिले के समस्त हितग्राहियों से जल्द आवास बनाने, ग्राम पंचायत में स्वच्छता एवं घर ने डिलीवरी नहीं कराने की बात कही। जिले के अन्य जनपद पंचायत भैयाथान में 3253, ओड़गी में 2933, प्रतापपुर में 1437, प्रेमनगर में 2153, रामानुजनगर में 1008 एवं सूरजपुर में 3249 इस प्रकार कुल 14033 हितग्राहियों के गृह प्रवेश जिले व जनपद पंचायतों के अधिकारी कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं हितग्राही व ग्रामीण की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों के लिए एक एक नोडल की नियुक्त करते हुए, मॉनिटरिंग के लिए एक एक सेक्टर ऑफिसर भी बनाए गए है।

विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आज भैयाथान में 5.90 करोड़, ओड़गी में 6.10 करोड़, प्रतापपुर में 8.19 करोड़, प्रेमनगर में 2.2 करोड़, रामानुजनगर में 1.04 करोड़ एवं सूरजपुर में 5.23 करोड़ अर्थात कुल 28.662 करोड़ जारी किए गए।

### ग्राम पंचायत विजयनगर में पीएम आवास योजना के हितग्राहियों का कराया गया सामूहिक गृह प्रवेश



**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत विजयनगर में शनिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लाभार्थियों को गृह प्रवेश कराते हुए मिठाइयां बांटी गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिए एक ऐतिहासिक योजना है, जिसके माध्यम से लाखों लोगों को पक्के मकान का सपना पूरा हुआ है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य प्रतिनिधि पवन कश्यप, सरपंच मिखायल एक्का, बालमुकुंद यादव, आवास मित्र टीएस प्रजापति, दीपक यादव, सचिव सिद्धार्थ संकर हलदार, राजेश्वर महतवार, शिवलाल यादव, मुश्ताक अंसारी, असलम अंसारी, मसीर अंसारी, नवाज अंसारी सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने इस अवसर को हर्षोल्लास के साथ मनाया और प्रधानमंत्री आवास योजना को गरीब वर्ग के लिए वरदान बताया।



# नेटफ्लिक्स पर दिखाई देगी कपूर खानदान की विरासत

**मुंबई।** बॉलीवुड सिनेमा के सबसे चर्चित परिवारों में शामिल, कपूर खानदान की विरासत अब हर किसी की आंखों के सामने होगी। नेटफ्लिक्स पर 'डाइनिंग विद द कपूर्स' की रिलीज तारीख जारी कर दी गई है। निर्माताओं ने 31 अक्टूबर को आगामी डॉक्यूमेंट्री का पोस्टर जारी किया है, जिसमें रणधीर कपूर, बबीता कपूर, नीतू कपूर, करिश्मा कपूर, करीना कपूर और रणबीर कपूर समेत, परिवार के सभी सदस्यों को देखा जा सकता है। आइए जानते हैं 'डाइनिंग विद द कपूर्स' की रिलीज तारीख। नेटफ्लिक्स ने कपूर खानदान पर बनी डॉक्यूमेंट्री, 'डाइनिंग विद द कपूर्स' की रिलीज तारीख जारी करते हुए लिखा, 'कपूर खानदान का लंच इनवाइट आ गया है, और आप भी आमंत्रित हैं।

लाइफ Style

# भूमि



## 'महाकाली' बनकर फिल्म में दिखाएंगी रौद्र रूप

मशहूर फिल्म निर्देशक प्रशांत वर्मा ने 'हनुमान' और 'मिराई' जैसी बेहतरीन फिल्मों से अभिनेता तेजा सज्जा को, सुपरहीरों के रूप में पेश किया था। अब वह अपनी अगली महिला सुपरहीरो फिल्म 'महाकाली' को लेकर चर्चा में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


यह एक माइथोलॉजिकल फिल्म है, जिसमें मुख्य किरदार भूमि शेट्टी निभा रही हैं। निर्माताओं ने शुक्राचार्य के रूप में अक्षय खन्ना की झलक दिखाने के बाद, नायिका भूमि के चेहरे से पर्दा उठा दिया है। 'महाकाली' से चर्चा बटोर रहीं भूमि का असली नाम, भूमिका शेट्टी है, जो कर्नाटक के करावली में स्थित कुंडापुरा की रहने वाली हैं। वह पेशे से अभिनेत्री हैं, जिन्हें तेलुगु सीरीज 'निन्ने पेल्लादथा' और कन्नड़ सीरीज 'किन्नारी' में देखा गया है। साल 2021 में उन्होंने कन्नड़ फिल्म 'इक्कत' से सिनेमा में कदम रखा था। आखिरी बार उन्हें विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' में देखा गया है। भूमि 'बिग बॉस कन्नड़' की प्रतियोगी भी रह चुकी हैं। निर्देशक प्रशांत ने 'महाकाली' के बारे में अपडेट देते हुए बताया है कि इसकी कहानी बंगाल की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में की जा रही है। फिल्म का स्क्रीनप्ले और कहानी, यह दोनों काम प्रशांत ने खुद किए हैं। बताया जाता है कि 'महाकाली' को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में डब किया जाएगा। भूमि और अक्षय के अलावा, इस फिल्म के अन्य किरदारों और रिलीज तारीख का खुलासा होना बाकी है।

हॉलीवुड मसाला



# लोगों के दिमाग में मचा दी खलबली

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों के साथ आजकल कोरियन फिल्में भी ओटीटी पर ट्रेंड कर रही हैं और लगातार अपना दबदबा बनाए हुए हैं। वहीं आज हम आपको साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'द विच' के बारे में बताने जा रहे हैं। इस फिल्म की कहानी ने कई लोगों को चौंका दिया था क्योंकि कोरियन फिल्में अक्सर रोमांस पर आधारित होती थीं। मगर इस एक थ्रिलर फिल्म ने सभी को गलत साबित कर दिया था। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर एंजॉय कर सकते हैं।



# 'द कॉन्ज्यूरिंग' में डर की दहशत से फिर लड़ेंगे एड और लॉरेन वॉरेन

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में डर से दहशत फैला चुकी हॉलीवुड सुपरहिट फ्रेंचाइजी फिल्म 'द कॉन्ज्यूरिंग' से जुड़ा ताजा अपडेट आया है, जो भूतिया फिल्मों के दीवानों को उत्साहित कर देगा। वार्नर ब्रदर्स और न्यू लाइन ने मिलकर 'द कॉन्ज्यूरिंग' के प्रीक्वल पर काम शुरू कर दिया है, जिससे साफ है कि कॉन्ज्यूरिंग की दुनिया आपका पीछा अभी नहीं छोड़ेगी। दरअसल, प्रीक्वल के जरिए फिल्म निर्माता प्रसिद्ध पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन के शुरुआती दिनों को फिल्मी पर्दे पर दर्शाना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 'द कॉन्ज्यूरिंग' का प्रीक्वल बनाने के लिए शॉर्ट फिल्म निर्देशक रॉड्रिग हुआर्ट, इस फिल्म का निर्देशन करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। फिल्म के सह-लेखक इयान गोल्डबर्ग प्रीक्वल की कहानी लिखने के लिए वापस आ रहे हैं।



# प्रियंका सिर्फ अपने बारे में सोचती हैं...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने दुनियाभर में शोहरत और कामयाबी हासिल की है। अपनी निजी और कामकाजी जिंदगी को लेकर वह हमेशा चर्चाओं में रहती हैं। इस बार वजह कुछ अलग है, क्योंकि प्रियंका के बारे में एक अभिनेत्री ने कुछ ऐसा कह दिया है जिससे पूरे सिनेमा जगत में हलचल मच गई है। ये कोई और नहीं, बल्कि भारतीय मूल की हॉलीवुड अभिनेत्री श्वेता केसवानी हैं। मुंबई में जन्मीं श्वेता अभिनेत्री होने के अलावा, मॉडल और डांसर हैं, जिन्होंने दुनियाभर में पहचान हासिल की है। उन्हें भारतीय टीवी शो 'बा बहू और बेबी' में देखा गया था। इसके अलावा, श्वेता 'किस देश में निकला होगा चांद', 'कहानी घर घर की' जैसे शो का हिस्सा रही हैं। करीब एक दशक से अभिनेत्री अमेरिका में रह रही हैं और वहीं काम कर रही हैं।



# 'रोई रोई बिनाले' ने रिलीज होते ही तोड़ा रिकॉर्ड

**मुंबई।** जुबीन गर्ग का पिछले महीने 19 सितंबर को सिंगापुर में तैराकी के दौरान निधन हो गया था। इस हादसे के करीब एक महीने बाद गायक की आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। उनके चाहने वालों के लिए यह बेहद भावुक कर देने वाला क्षण है। लोग नम आंखों से फिल्म देखते हुए जुबीन को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। 'रोई रोई बिनाले' भारत के 46 शहरों में एक साथ रिलीज हुई है, जिसे 800 स्क्रीन मिली है। जुबीन की फिल्म 'रोई रोई बिनाले' को असम के करीब 80 सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। दिलचस्प बात ये है कि राज्य में पहली बार सुबह 4:25 बजे फिल्म का शो रखा गया है। यह अपने आप में रिकॉर्ड है। जगीरोड का गणेश टॉकीज और नलबाड़ी के तिहू का गांधी भवन, कई साल से बंद पड़े यह कुछ ऐसे सिनेमा हैं।

टीवी मसाला



# सलमान खान के 'बिग बॉस 19' में नई नागिन का होगा दीदार

**मुंबई।** एकता कपूर के सुपरनैचुरल टीवी शो 'नागिन 7' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। हर कोई जानना चाहता है कि नागमणि की रक्षा की जिम्मेदारी इस बार किस अभिनेत्री को सौंपी गई है। बरहाल, यह इंतजार अब खत्म होने वाला है। निर्माताओं ने 'नागिन 7' का नया प्रोमो जारी करते हुए बताया है, कि वह कब और कहां नई नागिन के दर्शन कराएंगे। निर्माताओं ने इस खुलासे के लिए सलमान खान के शो 'बिग बॉस 19' को चुना है।

## निर्माताओं ने 'नागिन 7' का प्रोमो किया जारी

'नागिन 7' के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर नया प्रोमो वीडियो जारी किया है। इसके साथ कैप्शन दिया, 'खत्म होने वाला है इंतजार, नागिन की पहली झलक देखने हो जाइए तैयार! देखिये नागिन की पहली झलक, बिग बॉस 19 में, 2 नवंबर को रात 9 बजे जियो हॉटस्टार पर और रात 10:30 बजे रंग बराबर।' काफी समय से चर्चा है कि 'उडारियां' अभिनीत अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी, 'नागिन 7' में मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाएंगी। इसका खुलासा जल्द हो जाएगा।

## बसीर ने बताई नेहल से दोस्ती तोड़ने की वजह, किया ये खुलासा

'बिग बॉस 19' से बेघर होने के बाद बसीर अली लगातार इंटरव्यू दे रहे हैं। उन्होंने शो के मेकर्स पर आरोप लगाया कि उन्हें जानबूझकर शो से बेघर किया गया। इस बीच देखा गया कि बसीर ने अपने साथ बेघर हुईं नेहल चुडासमा को इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर दिया है। दोनों के रोमांटिक एंगल ने सभी का ध्यान खींचा था। खुद सलमान खान दोनों को चिढ़ाते नजर आए थे। अब बसीर ने नेहल से दोस्ती तोड़ने की वजह बताई है। एक इंटरव्यू में, बसीर ने कहा कि वह नेहल से दूरी बनाकर रखना चाहते हैं और उनसे नाराज हैं।



'कुंडली भाग्य' अभिनेता ने कहा, मैंने नेहल की कुछ क्लिप देखी, जहां खुद को मेरा दोस्त बताने के बावजूद, उसने मेरे लिए स्टैंड नहीं लिया। जब फरहाना, जो मेरी दोस्त थी, ने मेरे लिए अप्रिय बातें कहीं तो नेहल चुप रही। ये काहे की दोस्ती है? बसीर ने साफ कहा कि वह, नेहल से दूरी बनाकर रखना चाहते हैं। बसीर की मां ने नेहल के साथ उनके लव एंगल पर रूखी प्रतिक्रिया दी थी, इस बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा, मेरी मां ने बताया कि उन्हें मेरे और फराहना के पल काफी मनोरंजक लगे, लेकिन जब बात नेहल के साथ मेरे रिश्ते की आई, तो मेरी मां को वह एंगल बहुत नकारात्मक लगा।

# 'द गर्लफ्रेंड' का ट्रेलर सोचने पर मजबूर कर देगी

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना पिछले काफी समय से फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म की झलकियों ने पहले ही इसे लेकर उत्साह बढ़ा दिया था, वहीं अब इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'थामा' की डरावनी दुनिया के बाद अब रश्मिका दिल के जज्बातों, कशमकश और रिश्तों के उतार-चढ़ाव से जुड़ी एक सोचने पर मजबूर कर देने वाली प्रेम कहानी के साथ पर्दे पर लौट आई हैं।



***एक उलझी हुई प्रेम कहानी :*** फिल्म के ट्रेलर में रश्मिका और उनके हीरो दीक्षित शेट्टी के बीच एक उलझी हुई प्रेम कहानी देखने को मिल रही है। यहां रश्मिका का किरदार एक परेशान करने वाले सवाल से जूझता है कि क्या वो वाकई अपने बॉयफ्रेंड से प्यार करती है या सिर्फ उसके होने के ख्याल से प्यार करती है? कहानी इस बात के इर्द-गिर्द घूमती है कि कभी-कभार हमें इंसान से नहीं, बल्कि उसके साथ जुड़ी कल्पना या एहसास से मोह हो जाता है।

***छा गए रश्मिका और दीक्षित :*** ट्रेलर की शुरुआत में रश्मिका और दीक्षित एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए नजर आते हैं। दोनों के बीच खुशियों भरे पल दिखाए गए हैं, लेकिन थोड़ी देर बाद माहौल बदल जाता है। उनके बीच आपसी मतभेद बढ़ जाते हैं। ट्रेलर के अंत में रश्मिका का किरदार खुद से ये सवाल पूछता है कि क्या ये रिश्ता सच में सही है या वो सिर्फ 'गर्लफ्रेंड' कहलाने के लिए इस रिश्ते में है? रश्मिका और दीक्षित दोनों का अभिनय काबिल-ए-तारीफ है।

***लोगों ने ट्रेलर को दी हरी झंडी :*** 'द गर्लफ्रेंड' में दिखाया जाएगा कि हर प्रेम कहानी परियों की कहानी जैसी नहीं होती। कुछ रिश्ते हकीकत में उतने आसान नहीं होते, जितने फिल्मों में दिखाए जाते हैं।

# 31वें केआईएफएफ में 39 देशों की 215 फिल्मों का होगा प्रदर्शन

**कोलकाता।** कोलकाता एक बार फिर सिनेमा के रंगों में रंगने को तैयार है। कला, संस्कृति और भावनाओं की राजधानी कहलाने वाला यह शहर 6 नवंबर से 31वें कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025) का गवाह बनेगा। आठ दिनों तक चलने वाले इस सिनेमाई उत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी धनधान्य स्टेडियम में करेंगी। हर साल की तरह इस बार भी आयोजन भव्य होगा, जिसमें भारतीय सिनेमा के साथ दुनिया भर की उत्कृष्ट फिल्मों की झलक देखने को मिलेगी। महोत्सव में इस वर्ष कुल 39 देशों की 215 फिल्मों का प्रदर्शन होगा, जिनमें 185 फीचर फिल्में और 30 लघु फिल्में शामिल हैं।




***इस फिल्म से होगी शुरूआत :*** इसकी शुरूआत 1961 की क्लासिक 'सप्तपदी' से होगी, जिसका निर्देशन अजय कर ने किया था और जिसमें महान अभिनेता उत्तम कुमार व अभिनेत्री सुचित्रा सेन ने अभिनय किया था। अभिनेता परमब्रत चटर्जी और अभिनेत्री व सांसद जून मालिया इस बार मेजबान की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की पत्नी और प्रसिद्ध नृत्यांगना डोना गंगोपाध्याय अपनी विशेष नृत्य प्रस्तुति देंगी।

***18 भारतीय व 30 विदेशी भाषाओं की फिल्में:*** फिल्म महोत्सव में इस बार 18 भारतीय भाषाओं और 30 विदेशी भाषाओं की फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें कोंकणी, बोरो, तुलु और संथाली जैसी भाषाएं भी शामिल हैं, जिन्हें आमतौर पर बड़े प्लेटफॉर्म पर कम देखा जाता है।

***प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित :*** इस बार महोत्सव में विभिन्न श्रेणियों की फिल्म प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी और सिने अड्डा का भी आयोजन होगा, जिसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस साल नया नाम दिया है "गाने गाने सिनेमा"। इसमें निर्देशक, अभिनेता और तकनीशियन एक मंच पर बैठकर सिनेमा के भविष्य, बदलाव और रचनात्मक दृष्टिकोण पर चर्चा करेंगे। इस वर्ष का फिल्म महोत्सव कई दिग्गज कलाकारों और फिल्मकारों को श्रद्धांजलि देने का माध्यम भी बनेगा।

## 'शोले' की 50वीं वर्षगांठ

महान निर्देशक ऋत्विक घटक, अभिनेता गुरुदत्त, संतोष दत्त, फिल्मकार राज खोसला, संगीतकार सलिल चौधरी और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अभिनेता रिचर्ड बर्टन की शताब्दी मनाई जाएगी। वहीं, भारतीय सिनेमा के स्तंभ निर्माता-निर्देशक श्याम बेनेगल, अमेरिकी फिल्मकार डेविड लिंच, अरुण राय, राजा मित्रा और शशि आनंद को विशेष सम्मान से नवाजा जाएगा। वहीं, रमेश सिप्पी की कालजयी फिल्म 'शोले' की 50वीं वर्षगांठ का जश्न मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें फिल्म से जुड़ी दुर्लभ झलकियां और किस्से पेश किए जाएंगे।

## 15 समकालीन फिल्मों का पहला प्रदर्शन

फिल्म महोत्सव में 15 समकालीन विदेशी फिल्मों का पहला प्रदर्शन होगा। इसी के साथ निर्देशक ऋत्विक घटक की कृतियों को समर्पित एक विशेष श्रृंखला भी रखी गई है। इसमें 'अयांत्रिक', 'मेघे ढाका तारा', 'बारी ते पालये', 'कोमल गांधार' और 'तितास एकटी नदीर नाम' जैसी कालजयी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। कोलकाता फिल्म महोत्सव के तहत शहर के 20 स्थलों पर फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी। नंदन वन-टू, स्टार थिएटर, अजंता और मेनका हॉल जैसे प्रतिष्ठित सिनेमाघरों में दर्शकों को अलग-अलग भाषाओं में देख सकेंगें।

## शौकीन लोगों को देखने मिलेंगी एक से बढ़कर एक कहानियां

# नवंबर में रिलीज होंगी हॉरर से लेकर वॉर तक शानदार फिल्में

*__मुंबई।__ हर एक महीने के खत्म होने और नए महीने की शुरुआत के साथ लोगों को इस बात का इंतजार रहता है कि बड़े पर्दे पर उनके लिए क्या रिलीज किया जाने वाला है। अक्टूबर का महीना खत्म होने वाला है और जल्द ही नवंबर दस्तक देगा। इस महीने में फिल्म देखने के शौकीनों को एक से बढ़कर एक सरप्राइज मिलने वाले हैं। नवंबर का महीना अपने साथ एंटरटेनमेंट की बहार लेकर आने वाला है। सिनेमाघर में हिंदी भाषा में कुल मिलाकर 17 फिल्में रिलीज होंगी। इसमें बायोपिक ड्रामा से लेकर हॉरर सब कुछ शामिल है। चलिए जान लेते हैं कि नवंबर में आप सिनेमाघर में क्या-क्या देख सकते हैं।*

**वृषभ :** यह मलयालम भाषा की फिल्म है जिसे हिंदी भाषा में रिलीज किया जाने वाला है। ये फैंटेसी एक्शन ड्रामा नंदा किशोर के डायरेक्शन में बना है। इसे 6 नवंबर को रिलीज किया जाने वाला है।

**जटाधारा :** एक हॉरर थ्रिलर फिल्म है जिसमें शिल्पा शिरोडकर और सोनाक्षी सिन्हा जिसे कलाकार नजर आने वाले हैं। तेलुगु और हिंदी में इस फिल्म को 7 नवंबर को सिनेमाघर में रिलीज किया जाएगा।

**इक्कीस :** श्री राम राघवन की यह फिल्म एक बायोपिक ड्रामा है। 7 नवंबर को इसे सिनेमाघर में रिलीज किया जाने वाला है। इस फिल्म में अगस्त्य नंद के साथ धर्मेंद्र और जयदीप अहलावत नजर आएंगे।

**जस्सी वेड्स जस्सी :** रणवीर शौर्य अपनी इस शानदार फिल्म के साथ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए तैयार है। इस कॉमेडी ड्रामा को 7 नवंबर को सिनेमाघर में रिलीज किया जाने वाला है।



**2020 दिल्ली :** देवेंद्र मालवीय फिल्म 2020 दिल्ली लेकर आ रहे हैं। ये सीएए प्रोटेस्ट के दौरान की कहानी है। इस दौरान जो दंगे हुए और लोगों का जो नुकसान हुआ उसे अप्रैल में 14 नवंबर को दिखाया जाएगा।

**120 बहादुर :** फरहान अख्तर ने अपनी फिल्म 120 बहादुर को लेकर काफी सुर्खियां बटोरी है। यह एक ऐतिहासिक वॉर पर आधारित कहानी है जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसे 21 नवंबर को सिनेमाघर में रिलीज किया जाने वाला है।

**ये फिल्में भी मचाएंगी धूम :** इन फिल्मों के अलावा सीसु: रोड टू रिवेंज, मस्ती 4, काल त्रिघोरी, हांटेड 3D: घोस्ट ऑफ़ द पास्ट, गुस्ताख इश्क, जूटोपिया 2, तेरे इश्क में जैसी फिल्में रिलीज की जाने वाली है।

**द गर्लफ्रेंड :** इस फिल्म में आपको साउथ की मशहूर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना की शानदार एक्टिंग देखने को मिलेगी। तमिल, तेलुगू, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में इसे 7 नवंबर को देशभर के सिनेमाघर में रिलीज किया जाएगा।

**हक :** लंबे समय से बड़े-बड़े पजामी गौतम की कोई फिल्म देखने को नहीं मिली है लेकिन अब वह एक बार फिर वापसी करने को तैयार हैं। उन्हें सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म में देखा जाने वाला है। यह भी 7 नवंबर को ही रिलीज होगी।

**दे दे प्यार दे 2 :** अजय देवगन की फिल्म तो आपने देखी ही होगी अब इसका दूसरा हिस्सा आने वाला है। रकुल प्रीत सिंह के साथ एक बार फिर एक्टर को इस रोमांटिक फिल्म में देखा जाने वाला है। 14 नवंबर को यह सिनेमाघर में रिलीज होगी।

## खबर संक्षेप

### समलाई माता मंदिर में होगा श्याम भजन

**बिलाईगढ़।** कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर समलाई माता मंदिर परिसर स्थित नए गार्डन में श्याम भजन एवं भक्ति संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 5 नवम्बर को होगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय भजन गायक व कलाकारों द्वारा प्रभु श्री श्याम के भजन, आरती एवं भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। यह आयोजन नगरवासियों के आध्यात्मिक उत्थान एवं सांस्कृतिक एकता को समर्पित रहेगा।

### कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय एकता अखंडता और सुरक्षा की भावना को सशक्त बनाने के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने इस अवसर पर सभी छात्र छात्राओं, सहायक प्राध्यापकों, अतिथि व्याख्याताओं एवं कार्यालयीन स्टाफ को सत्यनिष्ठा एवं राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई।

### धान पंजीयन के आखिरी दिन मायूस लौटे किसान

**पुसौर।** किसानों को अपने धान बिक्री करने के लिए तहसील में एग्रीस्टेक के तहत पंजीयन के साथ साथ केवाईसी कराने का फरमान शासन द्वारा जारी हुआ था। जिसकी अंतिम तारीख 31 अक्टूबर था। अंतिम दिवस जिन किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया वे मायूस होकर लौटने की जानकारी प्रकाश में आया है। धान विक्रय पंजीयन में गत वर्षो में मृतक के वारिसान के पिता के मुत्यु के पश्चात धान विक्रय कर सकते थे परंतु सरकार के द्वारा एग्रीस्टेक साफ्टवेयर में मृतक के वारिसान को धान विक्रय के लिए अभी तक कोई विकल्प नहीं दिया है। जिससे किसी पंजीकृत किसान की मृत्यु अचानक धान विक्रय की समयावधि में हो जाती है तो वारिसान धान विक्रय के लिए असुविधा होने की पूरी संभावना है। एग्रीस्टेक में बिना पंजीयन कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था साफ्टवेयर में नहीं होने से संबंधित व्यक्तियों के द्वारा फौती नामांतरण भी नहीं करवाया है।

### जंगल में बिजली के तार ने ली युवक की जान

**राउरकेला।** जिले के बनाई थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। जंगली जानवरों को फँसाने के लिए बिछाए गए बिजली के तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी प्रेमिका गंभीर रूप से झुलस गई। घायल युवती को राउरकेला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मृत युवक की पहचान प्रेमराज मुंडा 24 के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, प्रेमराज पर अपने बड़े पिता की हत्या का आरोप था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। शुक्रवार को गाँव लौटने पर उसका मृत बड़े पिता के परिजनों से विवाद हो गया। खुद पर हमले की आशंका से वह अपनी प्रेमिका मिलन मंजरी के साथ जंगल की ओर भाग निकला। इसी दौरान दोनों सालेइडिही जंगल में बिछे बिजली के तार की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौत हो गई।

### कृषि संकाय के छात्रों ने किया पोल्ट्री फार्म का शैक्षणिक भ्रमण

**पुसौर।** अभिनव विद्या मंदिर के संचालक अक्षय कुमार सतपथी के निर्देश एवं शिक्षक ओम प्रकाश साहू एवं पूर्व विद्यार्थी पीयूष सिदार के मार्गदर्शन में कृषि संकाय 11वीं और 12वीं के 20 छात्र छात्राओं द्वारा पोल्ट्री फार्म कारीछापर का शैक्षणिक भ्रमण किया। जहां के संचालक भावेश पटेल के द्वारा बॉयलर पोल्ट्री फार्म के वैज्ञानिक विधियो के बारे में आवास पद्धति में तापक्रम नियंत्रण, नमी एवं वायु दाब पोल्ट्री आहार रोग एवं विटामिन की कमी से स्वास्थ्य संबंधित देखभाल की जानकारी विद्यार्थियों को दिया।

## हॉस्पिटल के जीर्णोद्धार और विकास कार्यों को जनवरी तक पूरा करने निर्देश

# कलेक्टर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सोनोग्राफी सेंटर, एक्स रे रूम, फॉर्मेसी कक्ष सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

उन्होंने वहां चल रहे सभी निर्माणाधीन विकास कार्यों को जायजा लेकर अधिकारियों को जनवरी 2026 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में साफ सफाई बनाए रखने, मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करने तथा गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बिलाईगढ़ अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों से भी चर्चा कर उनका हालचाल जाना। मरीजों से डॉक्टरों की समय पर उपस्थिति एवं उपचार की गुणवत्ता की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल को हम प्राइवेट अस्पतालों की तर्ज पर विकसित कर रहे हैं ताकि मरीजों को सभी सुविधाएँ एक ही स्थान पर मिल सकें।

**सोनोग्राफी मशीन शुरू -** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश पर छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कार्पोरेशन की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ को प्राप्त सोनोग्राफी मशीन को एक माह पूर्व से चालू किया गया है। इससे मरीजों को इलाज कराने में मदद मिलेगी।

### भागवत कथा का रसपान कर रहे बरभांठावासी

**तमनार।** तमनार जनपद के बरभाठा में समस्त भक्तों द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कथावाचक पं. महेन्द्र शर्मा के मुखरबिंद से श्रीमुख से कथा व्यास पीठ पर विराजमान होकर अपनी ओजमयी रसमयी अमृतवाणी द्वारा भक्तजनो को कथामृत का रसपान करा रहे हैं। यह कक्षा 29 अक्टूबर से चालू हुआ है। 5 नवम्बर तक कैलाश कॉलोनी के सामने, बरभांठा तमनार में चलेगा। । इस दौरान गुरुवार को कथा महात्मय गोकर्ण उपाख्यान, शुक्रवार महाभारत कथा सुनाई गई। 1 नबम्बर शनिवार, ध्रुव चरित्र, बामन अवतार, श्रीराम कथा, कृष्ण जन्मोत्सव, कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, रासलीला, रुकमणी विवाह तुलसी वर्षा, सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, कथा विश्राम एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगी। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में भक्ति ज्ञान, वैराग्य की पावन त्रिवेणी गंगा में डुबकी लगाते संगीत पार्टी की आधुनिक सुमधुर धुनों से लोग मंत्रमुग्ध हो रहे हैं।



## आदर्श कृषि उपज मंडी में तब्दील होने जा रही पटेलपाली मंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा किसानों एवं सब्जी व्यापारियों के सहूलियत दिलाने के लिए बड़े-बड़े गोदाम बनाए जा रहे हैं वहीं गेट को नया लूक दिया जा रहा है। जिसके कारण इन दिनों मंडी में प्रवेश लेने के लिए लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ज

ञात हो कि कृषि उपज मंडी कार्यालय कभी इतवारी बाजार परिसर मे मौजूद था जो पिछले कई वर्षो से शहर से दूर ग्राम पटेल पाली में स्थापित किया गया है। यह लगभग 18 एकड में फैला है शुरूआती दौर में उक्त मंडी व प्रांगण उजड़ा सा लगता था, लेकिन धीरे धीरे इसका विकास होते जा रहा है और मंत्री ओपी चौधरी के कार्यकाल में यह नए कलेवर के रूप में देखा जा सकता है। मंडी सचिव अनिरूद्ध सिंह बताते हैं कि मंडी प्रांगण के 3 गोदाम, पुसौर स्थित 1 गोदाम एवं चिखली के दुकानों से मंडी में किराया आता है। कुछ दुकाने खाली पड़ी हैं जिसके लिए टेंडर किया जाएगा। मंडी की स्थापना 1975 में हुई थी जहां मंडी सचिव के रूप में कार्यालय प्रमुख पदस्थ होते हैं जिसमें अब तक 36 मंडी सचिव पदस्थ हुए हैं।

# पटेल जयंती पर सुंदरगढ़ में रन फॉर यूनिटी में दौड़े लोग

**सुंदरगढ़।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार सुबह सुंदरगढ़ में जोश और उत्साह से भरपूर एकता दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ बिरसा मुंडा चौक से प्रारंभ होकर विकास भवन तक निकाली गई, जिसमें जिले के प्रशासनिक अधिकारी, पुलिसकर्मी, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

■ राष्ट्र की एकता, अखंडता व समरसता का दिया संदेश

इस कार्यक्रम में विधानसभा उपाध्यक्ष भवानी शंकर भोई भी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रशासन की ओर से किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने देश की एकता, अखंडता और भाईचारे के लिए कदम से कदम मिलाकर दौड़ लगाई। उपाध्यक्ष भवानी शंकर भोई ने कहा कि सर्दार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को एक सूत्र में पिरोया था। उनका जीवन आज भी हमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के प्रति प्रेरित करता है। इसी क्रम में सुंदरगढ़ पुलिस विभाग की ओर से भी सुबह 7 बजे रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जो रिज़र्व ग्राउंड से प्रारंभ होकर परीजात पार्क तक संपन्न हुआ। पुलिस कर्मियोंए एनसीसी कैडेटों और युवाओं ने राष्ट्र की एकता और सौहार्द का संदेश देते हुए इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया। सुंदरगढ़ में इस अवसर पर देशभक्ति का उत्साह देखते ही बनता था। जगह जगह श्राष्ट्र की एकता ही हमारी शक्ति हैश के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। पुलिस कप्तान अमृत पाल कौर व अन्य पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया।






### दिव्यांग हॉस्टल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रायगढ़।** रजत जयंती के अवसर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा शिविर का आयोजन दिव्यांग हॉस्टल में किया गया। जहां के बच्चों के स्वस्थ जांच के साथ, रक्त का परीक्षण किया गया एवं दवाइयां दी गई। स्टाफ में डॉक्टर किशोर पटेलएनर्स पुष्पा कंद लेब टेक्नीशियन विकास पटेल, फार्मा अरुण पटेल उपस्थित थे। प्रत्येक माह में 1 दिन विशेष शिविर का आयोजन दिव्यांग बच्चों के लिए किया जाता है। जहां पर मौसमी बीमारी को ध्यान में रखते उपचार किया जाता है। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से प्रत्येक माह 12 कैंप बरमकेला एवं 12 कैंप सरिया में आयोजित किया जाता है जिससे कि आम नागरिकों को बहुत लाभ हो रहा है विशेष कर महिलाओं को।

# डेली मार्केट स्कूल में धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की मांग

**राउरकेला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप राय ने सुंदरगढ़ के जिलाधिकारी डॉ. सुभंकर मोहापात्रा को पत्र लिखकर राउरकेला के डेली मार्केट क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने की मांग की है।

■ पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय ने कलेक्टर को लिखा पत्र

7 अक्टूबर को लिखे गए पत्र में श्री राय ने कहा कि डेली मार्केट राउरकेला का सबसे पुराना और घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां ऐसे आयोजनों के लिए कोई सार्वजनिक स्थल नहीं है। पूर्व में डेली मार्केट हाई स्कूल का खुला प्रांगण इन आयोजनों का प्रमुख स्थल रहा है, जहां 24 प्रहर नाम महायज्ञ सहित कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न होते थे। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से स्कूल प्रांगण में इन आयोजनों की अनुमति बंद कर दी गई है, जिससे स्थानीय लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने सुझाव दिया कि कार्यक्रमों को सप्ताहांत, सार्वजनिक अवकाश या स्कूल अवकाश के दिनों में ही अनुमति दी जाए। आयोजकों को स्वच्छता, ध्वनि नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी दी जा सकती है, जबकि प्रशासन और पुलिस की निगरानी सुनिश्चित की जाए। श्री राय ने कहा कि पहले भी यह व्यवस्था सफलतापूर्वक लागू रही है, अतः नियंत्रित प्रणाली से इसे पुनर्जीवित किया जा सकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जिला प्रशासन एक संतुलित समाधान निकालेगा, जिससे विद्यार्थियों के हित सुरक्षित रहते हुए समुदाय की सांस्कृतिक परंपराएँ भी जारी रह सकें।



## साढ़े 17 हजार पीएम आवास में लोगों को कराया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आज नवा रायपुर में आयोजित भव्य राज्योत्सव समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत प्रदेश के लाखों हितग्राहियों को नई सौगात दी। इस अवसर पर रायगढ़ जिले के 17,500 हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया।

साथ ही जिले के हितग्राहियों को विभिन्न चरणों की किस्तों की राशि का वितरण किया गया। जिले के 9,327 हितग्राहियों को प्रथम किस्त के रूप में 3,730,80 लाख रुपए, 1,062 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त 584,10 लाख रुपए तथा 2,907 हितग्राहियों को तृतीय किस्त 726,75 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। इस राशि से ग्रामीण परिवार अपने सपनों का पक्का घर बनाकर सम्मानजनक जीवन की दिशा में एक नया अध्याय शुरू कर सकेंगे।




इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल घर निर्माण की योजना नहीं, बल्कि गरीब परिवारों के सपनों को साकार करने का अभियान है। हर घर में खुशियों की रोशनी और आत्मसम्मान की दीवारें खड़ी हों, यही हमारा लक्ष्य है। बता दे कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ग्रामीण गरीब, बेघर एवं झोपड़ी में रहने वाले परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत मकान निर्माण आरंभ होने पर प्रथम किस्त 40,000 रुपएए दीवारें एवं छत पूर्ण होने पर द्वितीय किस्त 55,000 रुपए और मकान पूर्ण रूप से तैयार होने पर तृतीय किस्त 25, 000 रुपए प्रदान की जाती है।

### वैज्ञानिक पद्धति से बकरी पालन पर मिली ट्रेनिंग

**सुंदरगढ़।** मत्स्य एवं पशुधन विकास विभाग, ओडिशा सरकार के पशुचिकित्सा अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर के सहयोग से वैज्ञानिक पद्धति से बकरी पालन विषय पर तीन दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर 28 से 30 अक्टूबर तक जिला कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में मुख्यमंत्री कृषि उद्योग योजना एवं अन्य सरकारी योजनाओं के अंतर्गत जिले के विभिन्न ब्लॉकों से चयनित 20 किसानों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक बकरी पालन, बाड़ा निर्माण, ब्लैक बंगाल नस्ल का संवर्धन, संतुलित आहार, रोग नियंत्रण, परियोजना योजना, विपणन एवं सरकारी योजनाओं पर प्रशिक्षण दिया। दूसरे दिन प्रतिभागियों को सबडेगा ब्लॉक के भोजपुर और सदर ब्लॉक के सामिना गाँव स्थित आदर्श बकरी फार्मों का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्होंने फार्म प्रबंधन और आहार निर्माण की प्रक्रिया का अवलोकन किया। प्रशिक्षण में जिला पशुधन विकास विभाग के 12 अधिकारियों ने प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया।

# जिंदल फाउंडेशन का दृष्टि अभियान, बच्चों की आंखों की सेहत के लिए नई पहल

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिंदल फाउंडेशन ने जिला प्रशासन रायगढ़ के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की आंखों की सेहत के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। फाउंडेशन द्वारा संचालित दृष्टि अभियान के तहत आसपास के गांवों के शासकीय विद्यालयों में विशेष नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान की शुरुआत 3 नवम्बर को ग्राम पतरापाली के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय से की जाएगी। इन शिविरों में फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक आधुनिक उपकरणों के साथ सभी विद्यार्थियों की आंखों की जांच करेंगे।

जिन बच्चों को चश्मे की आवश्यकता पाई जाएगी, उन्हें उत्तम गुणवत्ता वाले चश्मे निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। आज के डिजिटल युग में लगातार बढ़ते स्क्रीन टाइम के कारण कम उम्र में ही बच्चों की आंखों की कमजोरी एक आम समस्या बनती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर जांच न होने से यह परेशानी और बढ़ जाती है।

**गांव-गांव में लगाए जाएंगे स्वास्थ्य शिविर**

शैक्षणिक संस्थानों में नेत्र जांच के साथ ही जिंदल फाउंडेशन द्वारा गांव गांव में स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएंगे। इन शिविरों में फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल के चिकित्सक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच करेंगे और आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी।

## आत्मानंद स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

**बिलाईगढ़।** 31 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बिलाईगढ़ में भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ प्राचार्य द्वारा सभी शिक्षकगणों एवं छात्र छात्राओं को दिलाई गई।



इसके बाद रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। एकता दौड़ के पश्चात थाना बिलाईगढ़ के अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, प्राचार्य, स्टाफ सदस्य एवं छात्र छात्राओं ने मिलकर राष्ट्रीय एकता एवं अखंड भारत के संदेश के साथ प्रभात फेरी निकाली। कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं ने देशभक्ति एवं एकता पर आधारित दो सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्होंने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## पेज 1 का शेष

### बच्चों ने दी लोक ...

उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। छोटे बच्चों की राज्य की परंपराओं, वेशभूषा और खान-पान पर आधारित नाट्य मंचन ने दर्शकों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से अवगत कराया। प्राचार्य आशीष डेगवेकर ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य हमारी गौरवशाली संस्कृति और मेहनतकश जनता का प्रतीक है। इस दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम राज्य के विकास और शिक्षा की प्रगति में अपना योगदान देंगे। डी पी एस प्राइमरी बालाजी में प्राचार्य जयंती सिन्हा ने विद्यार्थियों को राज्य के इतिहास, भूगोल और विशिष्टताओं के बारे में जानकारी दी और उन्हें अपने राज्य की भाषा, कला और परंपराओं के प्रति सम्मान रखने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि इस दौरान विद्यालय प्रांगण छत्तीसगढ़ी संस्कृति, लोक धुनों और तिरंगा झंडा से सुसज्जित था।

### छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस...

लाभान्वित पहाड़ी कोरवा परिवारों के अनुभव, जशप्योर ब्रांड के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों की पहचान तथा मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान आदि प्रमुख रहा। इस प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा सुशासन की दिशा में प्रदेश सरकार के प्रयासों की जानकारी प्रभावी रूप से दी जा रही है। ग्रामीणों और नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

### अंधे कत्ल की ...

ही कुछ युवकों के साथ मजदूरी के लिए हजारीबाग झारखंड गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा था। पुलिस ने उसके साथ गए तीन युवकों रामजीत राम 25 वर्ष, वीरेन्द्र राम 24 वर्ष और एक 17 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया। मामले की जांच में थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक खोमराज ठाकुर, आरक्षक विनोद तिर्की, हेमंत कुजूर, शोभनाथ सिंह, नगर सैनिक थानेश्वर देशमुख, साइबर सेल टीम निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, उपनिरीक्षक नसीरुद्दीन अंसारी, प्रधान आरक्षक अनंत मिराज किस्पोट्टा, आरक्षक अनिल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

